ज़िन्दगी में अगर आगे बढ़ना है तो कभी निर्भर मत रहना गैरों पर, मंज़िल उन्हीं को मिलती है जो खड़े है अपने पैरों पर

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi



VOL:01 | ISSUE:90 | FRIDAY, DATE: 15-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


फायर-अलर्ट : पुराने शहर के तंग बाजारों में तो हैं आगजनी का पूरे 'इंतजाम' मगर सब बेफिक्र

# चौड़ा बाजार के गारमेंट्स शोरुम में भीषण आग, लाखों के जैकेट्स जले

## कारोबारी में रोष, गर्मी में हादसे होने का खतरा और बढ़ गया है






लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। भले ही सरकार बदल गई, लेकिन कारोबारी-गढ़ कहलाने वाले चौड़ा बाजार व उससे लगते बाकी बाजारों की हालत में कोई बदलाव होने के आसार नहीं लगते हैं। तंग गलियों वाले इन बाजारों में आगजनी होने के लिए पूरे 'इंतजाम' हैं, मगर संबंधित विभाग इस तरफ से बेखबर बने हैं। नतीजतन शुक्रवार को चौड़ा बाजार में बुक्स मार्केट के पास एक गारमेंट्स शोरुम में भीषण आग लगी। आग पर जब तक काबू पाया जाता, लाखों रुपये की जैकेट्स व अन्य कपड़ों का स्टॉक जलकर खाक हो चुका था। जानकारी के मुताबिक महाराजा कलैक्शन नाम के इस गारमेंट शोरुम में आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका। आग दुकान की पहली मंजिल पर लगी थी, जिसे बुझाने में फायर ब्रिगेड को काफी दिक्कत आई। इस भीड़-भाड़ वाले एरिया में फायर-टेंडर पहुंचने में वैसे भी दिक्कत होती है।



### कारोबारी विस्फोट के मुहाने पर



कारोबारी व भाजपा नेता गुरदीप गोशा के साथ संजीव चौधरी ने रोष जताया कि इन बाजारों की हालत पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। एक तरफ, फायर ब्रिगेड का सिस्टम आज तक अपग्रेड नहीं हो सका। दूसरी ओर, चौड़ा बाजार व साथ लगते अन्य बाजारों की गलियों में बिजली के तारों का जाल बना है। जबकि गलियां इतनी तंग हैं कि उनमें फायर टेंडर नहीं जा सकते हैं।

## ये वो सहर तो नहीं...

पंजाब के मौजूदा हालात पर नामवर शायर फैज अहमद फैज के चर्चित शेर का एक मिसरा यानि वाक्य सटीक लगता है। जिसमें उन्होंने दर्द जाहिर किया था कि वो इन्तज़ार था जिस का, ये वो सहर तो नहीं ? वाकई सूबे की जनता ने अपनी लोकतांत्रिक-शक्ति के बल पर सत्ता पहली बार किसी नई पार्टी को सौंपी थी। शायद इसी मायूसी के बाद कि पहले उनके सपने अधूरे ही रहे और इस उम्मीद के साथ कि अब कोई बड़ा बदलाव होगा। बेशक सत्ता बदले ज्यादा वक्त नहीं हुआ, लेकिन आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े चुनावी वादों के चलते ही पंजाब की जनता की उम्मीदें भी बड़ी हो गई थीं। जो तेजी से बदलाव होता देखना चाहती है। जबकि खासतौर पर जन-जीवन को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाली कानून-व्यवस्था में अपेक्षित तेजी से सुधार नहीं हो रहा। मसलन, सूबे के लिए अब भी नासूर साबित हो रही नशाखोरी की समस्या जस की तस लगती है। कार्रवाई के नाम पर महज रस्म-अदायगी यानि फिलहाल तक आई-वॉश वाली स्थिति बनी है। वर्ना सूबे के सबसे बड़े महानगर लुधियाना में ही नशा तस्करों का नेटवर्क तोड़ने के नाम पर कुछ खास नहीं हो सका। वर्ना आज एक निजी चैनल के पत्रकार को खुद नशा तस्करी के आरोपी को काबू कराने, फिर खुद पर हमला होने के बाद लाइव होकर वीडियो वायरल करने की जरुरत पेश नहीं आनी थी। अगर उनके आरोपों में रत्ती भर भी सच्चाई है तो पुलिस को फौरी तौर पर गंभीरता से जांच करनी चाहिए, ताकि पुलिस महकमे की छवि निखर सके और जनता का भरोसा उसमें बढ़ पाए।


संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

मंडी : भाव सब्जियां-फल के खा रहे ताव

# नींबू के भाव अभी 150 रुपये किलो, सेब, आम के भाव से रंग लाल-पीला



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। भीषण गर्मी में फिलहाल तक नींबू के भाव आम आदमी के पसीने छुड़ा रहे हैं। मंडी में शुक्रवार को नींबू के भाव 140-150 रुपये प्रति किलो रहे। जबकि और कई सब्जियां अभी महंगी बिक रही हैं। सब्जी आढ़ती साजन वाधवा के मुताबिक भिंडी आज 60-70 रुपये तो मटर 40-50 रुपये प्रति किलो बिकी। इसके अलावा शिमला मिर्च 35-40 रुपये, टमाटर 20-25 तो गोभी जरुर 20 रुपये किलो रही। दूसरी तरफ फलों के भाव भी आम लोगों की पहुंच से बाहर हैं। फल विक्रेता भोला सुधार के मुताबिक सेब मंडी में 200 रुपये किलो तक रहा। जबकि अंगूर 100 तो आम 170-180 रुपये प्रति किलो फुटकर में बिका।

## हाय गर्मी...



लुधियाना/यूटर्न/15 अप्रैल। कड़कड़ाती धूप में स्मार्ट सिटी की सड़कों पर चलते शहरवासी।

# किसानों को शनिवार को मिलेगी 2000 करोड़ रुपए से अधिक राशि

नवीन गोगना

चंडीगढ़ / यूटर्न / 15 अप्रैल। कल पंजाब सरकार एमएसपी भुगतान के एवज में किसानों के बैंक खातों में 2000 करोड़ रुपये से अधिक राशि ट्रांसफर करेगी। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अब तक किसानों को 828 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। अब विभाग ने 2137 करोड़ रुपये के भुगतान को संसाधित और अनुमोदित किया है जो कल बैंकों द्वारा सीधे किसानों के खातों में जमा किए जाएंगे। मंडियों में आने वाले सूखे अनाज की मात्रा का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीमों के चल रहे दौरों के बारे में एक सवाल के जवाब में, उन्होंने



कहा कि टीमों ने 17 जिलों का सर्वेक्षण कर लिया है और उम्मीद है कि शेष छह जिलों को कल कवर किया जाएगा। रात भर हुई बारिश और मंडियों में पानी जमा होने के कारण खरीद में संभावित व्यवधान पर उन्होंने कहा कि मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने रात भर काम करके यह सुनिश्चित किया कि मंडियां पानी से मुक्त हो और इसके परिणामस्वरूप एक मिनट भी खरीद कार्य में आज व्यवधान नहीं हुआ। उपार्जन की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में गेहूं की आवक चरम पर है और आज एक दिन में 8.2 लाख टन से अधिक गेहूं की आवक हुई है। मंडियों में अब तक 36 लाख टन गेहूं आ चुका है और राज्य की खरीद एजेंसियों ने 33 लाख टन गेहूं की खरीद कर ली है। राज्य भर में बिना बिके गेहूं की कुल मात्रा मात्र 3 लाख टन है जो एक दिन की आवक का 40% है जिससे पता चलता है कि मंडी का संचालन बहुत सुचारू रूप से चल रहा है और दिन की आवक का 60% से अधिक उसी दिन खरीदा जा रहा है।

## पंजाबी हुंदई वखरे ने 65 बरस की नीलू भंडारी मिसाल

# 'मदर्स मेड मिठाई' बनाने वाली नीलू ने कई सेलिब्रिटीज को बनाया मुरीद

## साास की कुकिंग-कला अपनाई, दोस्तों की मांग पर ऑर्गेनिक-स्वीट्स बनाई, फिर मिले ऑर्डर

नदीम अंसारी

लुधियाना/यूटर्न/15 अप्रैल। वाकई टेलेंट उम्र का मोहताज नहीं होता है, इसकी खास मिसाल 65 साल की नीलू भंडारी हैं। जो अपने ब्रांड मदर्स मेड की वजह से अपने शहर जालंधर या पंजाब ही नहीं, बल्कि देश-दुनिया में अलग पहचान बना चुकी हैं। उनकी जायकेदार-पारंपरिक मिठाईयों ने कई सेलिब्रिटीज को भी अपना मुरीद बना लिया है। इन दिनों उनके स्पेशल प्रोडक्ट्स का स्टॉल महानगर के लड़कियों वाले सरकारी कॉलेज में लगे पांच दिनी शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो में लगा है। जो खरीदारों को खूब आकर्षित कर रहा है। बुजुर्ग नीलू महज खास किस्म की मिठाईयां बनाने की वजह से ही पहचान नहीं रखती हैं, बल्कि समाज के लिए कई पहलुओं से एक प्रेरणास्त्रोत भी हैं। मसलन, स्टार्ट-अप से करियर बनाने की सोच रहे युवा कारोबारी भी उनसे सीख हासिल कर सकते हैं। साथ ही कंप्टीशन के इस दौर में महंगाई व मंदी की दोहरी चुनौती के बीच अपने उत्पाद कैसे बाजार में स्थापित करें, यह भी उनसे सीख सकते हैं। इसके अलावा महज कारोबारी सोच रखकर ही नहीं, मेक इन इंडिया के सपने को साकार करते हुए खुशहाल-सेहतमंद समाज के निर्माण में कैसे योगदान दिया जाए, मिसेज भंडारी से यह नैतिक सीख भी ले सकते हैं। सबसे अहम पहलू, खून में पंजाबियत रची-बसी है, लिहाजा नीलू भंडारी की स्वादिष्ट मिठाइयां भी पंजाब की पारंपरिक खुशबू सहेजे हुए हैं। पिन्नी समेत कई पंजाबी-टेस्ट वाले उनके बनाए स्वीट आइटम देखकर हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है।

### ऐसे आया टर्निंग-प्वाइंट



बकौल नीलू, यूं पढ़ते हुए उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि कभी कुकिंग उनका पैशन बनेगा। उनकी शादी इंडस्ट्रियलिस्ट ज्ञान भंडारी से हुई शादी के बाद पहली बार ससुराल में ही बिना घी के हलवा बनाया तो सास लीलावती भंडारी ने तारीफ के पुल बांध दिए। दरअसल सास को कुकिंग का बड़ा शौक था। जल्द ही सास-बहू में पाक-कला की जुगलबंदी शुरु हुई तो नीलू कुकिंग सीखने लगीं। फिर बच्चों के जन्म के बाद उनके लिए डिशेज बनाने लगीं। फेस्टिवल्स पर बेसन की बर्फी, पिन्नी, खजूर-सूखे मेवे की बर्फी जैसी ट्रेडिशनल मिठाईयां बनाई। फिर दोस्तों की डिमांड पर ऑर्गेनिक-स्वीट आइटम तैयार मिठाई किए। बाद में इनके ऑर्डर मिलने लगे, लेकिन प्रोफेशनल होकर भी क्वालिटी से समझौता नहीं किया।



जैसा कि तमाम पंजाबियों ने कोरोना के संकट काल में अपने-अपने तरीके से समाज को महामारी से बचाने के प्रयास किए तो नीलू भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान इम्यूनिटी बूस्ट करने वाली गाय के घी वाली मिठाइयां अपने कस्टमर के लिए खासतौर पर बनाई। जबकि मोटापे से परेशान लोगों के लिए शुगर फ्री मिठाइयां हेल्दी फूड के तौर पर बनाती हैं। करीब छह साल से खुद मिठाइयां बना रहीं इस माहिर शैफ की 'लाजवाब-कारीगरी' ने भारतीय ही नहीं, जायके के शौकीन विदेशों को भी मुरीद बना लिया।

### कई हस्तियां मुरीद

सेलेब्रिटीज में सुरों की मलिका आशा भोंसले व जसपिंदर नरूला के अलावा करमवीर वोहरा, अबु सूफी भी मदर्स मेड मिठाईयों के प्रशंसक बने। मिसेज भंडारी के विदेशी-कस्टमर फ्लोरिडा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी समेत कई मुल्कों से ऑर्डर भेजते हैं।



# महाराणा प्रताप राजपूत सभा ने मनाया महाराणा प्रताप जी की मूर्ति का पांचवा स्थापना दिवस

## महाराणा प्रताप जी के चरणों में नतमस्तक होकर मनाए राजपूत समाज पारिवारिक खुशियां : डिंपल राणा

लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा और महाराणा प्रताप राजपूत सभा ने ढोलेवाल स्थित पार्क में महाराणा प्रताप जी की मूर्ति स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने पर लड्डू बांट कर खुशियां मनाई। अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डिंपल राणा और राकेश मिन्हास ने समूह सदस्यों सहित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा को फूल मालाएं अर्पित कर नमन किया। डिंपल राणा ने उपस्थित जनसमूह को पांचवे मूर्ति स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होने महाराणा प्रताप जी की शूरवीरता का वर्णन करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षो में राजपूत समाज की युवा पीढ़ी को



अपने महान योद्धा के इतिहास की जानकारी मिलने से उनमें देश प्रेम की भावना में बढ़ौतरी हुई है। राजपूत समाज के बच्चों को महाराणा प्रताप सहित अन्य शूरवीरों की शूरवीरता के इतिहास से अवगत करवाने पर जोर देते हुए कहा कि समाज अपने बच्चों के जन्म दिन सहित अन्य खुशियां की शुरुआत अपने पूर्वज महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर करें तो पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में अपने पूर्वजों से दूर होती हमारी भावी पीढ़ियां फिर से भारतीय संस्कृति से जुड़ेंगी। राकेश मिन्हास ने डिंपल राणा की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि बच्चों में पुरात संस्कारों को जीवित करने का एक मात्र यहीं रास्ता है। इस अवसर पर राणा रणजीत सिंह, रणवीर सिंह, गौतम पुंडीर, ठाकुर गुरनाम सिंह, संत सिंह राणा, अनिल ठाकुर, संजीव राणा, कमल डडवाल, सोनी राणा, आशू राणा, राकेश राणा, अमरदीप राणा, अभिषेक राणा, नवनीश मल्होत्रा, विशभजीत ठाकुर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# सीटी यूनिवर्सिटी ने पायथन प्रोग्रामिंग पर एक प्रतिस्पर्धा की



लुधियाना/ यूटर्न / 15 अप्रैल। सीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने आईबीएम विशेषज्ञता के छात्रों के लिए पायथन प्रोग्रामिंग पर मिनी रचनात्मक परियोजनाओं पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन सीटी यूनिवर्सिटी, लुधियाना के एमओओसी(मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) सेल के उप निदेशक और प्रो. डॉ कमल मलिक की देखरेख में आयोजित किया गया था। पायथन प्रोग्रामिंग पर मिनी-क्रिएटिव प्रोजेक्ट, जहां छात्रों ने भाग लिया और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए प्रोजेक्ट बनाए, वहीं कई दिलचस्प प्रोजेक्ट भी दिखाए, जैसे कि मौसम का पूर्वानुमान, सांप का खेल, एनीमेशन, वीडियोग्राफी, और बहुत कुछ। बी.टेक सीएसई (आईबीएम) के रोहित शाह ने पहला स्थान हासिल किया है, तुषार ने दूसरा स्थान हासिल किया है और मोहित ने तीसरा स्थान हासिल किया है। माननीय मैनेजिंग डिरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह और माननीय उप-कुलपति डॉ. हर्ष सदावर्ती ने उनके अभिनव विचारों की सराहना की और विश्वविद्यालय के आगामी कार्यक्रम बिग फिश पूल में इसी विचार को लाने का सुझाव दिया। डॉ. हर्ष सदावर्ती, उप-कुलपति, सीटी यूनिवर्सिटी ने अत्याधुनिक तकनीक की सराहना करते हुए कहा कि आज की दुनिया में पहले दिन से ही इस तरह की प्रतियोगिताओं में छात्रों को शामिल करना एक आवश्यकता बन गई है क्यूँकि आज के समय में तकनीक का मयार बहुत ऊपर पहुँच चुका है।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्मदिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए 551 लोगों ने किया रक्तदान



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। लुधियाना में भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर 1989 से मानवता की सेवा को समर्पित न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ तथा मां वैष्णो देवी चैरीटेबल अस्पताल की ओर से 30वें विशाल रक्तदान कैंप थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए आयोजन एस.ए.एन. जैन स्कूल, दरेसी में किया गया। कैंप का शुभारंभ सभी सदस्यों ने महामंत्र नवकार का जाप कर किया। कैंप में महंत नारायण पुरी, भाई देवेंद्र सूद, सनातन धर्म गुरु पं. अजय वशिष्ठ, बाबा मीना शाह आदि संत समाज ने विशेष रूप से पधार भक्तों को आशीर्वाद दिया।

# नीमा ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

लुधियाना/ यूटर्न / 15 अप्रैल। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने अपना 75वां स्थापना दिवस हवन यज्ञ के साथ मनाया। इस मौके पर नीमा के अध्यक्ष डा. राजेश थापर, स्टेट पैटर्न डा. सतेंदर कक्कड़ व सलाहकार डा. रविंद्र बजाज ने बताया कि अग्नि को साक्षी मानकर भगवान धन्वंतरी से विनती की गई कि जो भी रोगी हमारे पास आए और निरोग होकर जाए।



इस अवसर पर नीमा विमेन फोरम की अध्यक्षा डा. ऊषा किरण थापर, सचिव डा. रेखा गोयल बजाज, कोषाध्यक्ष डा. शेवाली अरोड़ा तथा वाइस प्रेसिडेंट डा. बबीता अग्रवाल ने उनकी एसोसिएशन इंटीग्रेटेड डॉक्टरों के कर्तव्यों तथा अधिकारों के लिए जानी जाती है।नीमा अध्यक्ष डा. राजेश थापर के अनुसार नीमा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक सीएमई का आयोजन 'व्हीट एलर्जी' विषय पर किया गया। पेट की बीमारियों के माहिर डा. नितिन बहल ने व्हीट एलर्जी पर संक्षिप्त व्याख्यान में बताया कि गेहूं की एलर्जी के जींस करीब 30 प्रतिशत आबादी में पाए जाते हैं, परंतु गेहूं की एलर्जी या अन्य एलर्जी तब विकसित होती है जब शरीर का इम्यून सिस्टम अधिक संवेदनशील तथा पर्यावरण में किसी चीज के प्रति ज्यादा एक्टिव हो जाता है। जिन परिवारों में पहले से ही एलर्जी, दमा, एग्जिमा आदि बीमारियां होती हैं, उनके अन्य सदस्यों का गेहूं की एलर्जी से ग्रसित हो जाना ज्यादा संभावित है।व्हीट एलर्जी के रोगी को डरने व घबराने के बजाय डाक्टर के अनुसार टेस्ट करवाकर, बताई गई समय अवधि तक इलाज करवाना चाहिए।

# देखें सोनम बाजवा और गुरनाम भुल्लर की 'मैं व्याह नी करौणा तेरे नाल' ज़ी 5 पर



लुधियाना/ यूटर्न / 15 अप्रैल। भारत के सबसे बड़े घरेलू ओटीटी प्लेटफॉर्म, ज़ी5 ने हाल ही में पंजाबी भाषा के सिनेमा में प्रवेश किया और 'रज्ज के वेखो' अभियान की शुरुआत की, जो ज़ी स्टूडियोज से सीधे-थियेटर शीर्षकों का प्रीमियर करने का वादा करता है। ज़ी 5 पर पुआड़ा, जिनने जम्मे सारे निकम्मे और क़िस्मत 2 के प्रीमियर के बाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म के दर्शकों के लिए खुशी की बात है क्योंकि बेहद सफल फिल्म 'मैं व्याह नी करौणा तेरे नाल' अब सभी के लिए आसानी से उपलब्ध होगी। हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म 'मैं व्याह नी करौणा तेरे नाल' ने बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों से बहुत प्यार और सराहना बटोरी; अब ज़ी 5 पर आपको कहीं भी कहीं भी रोमांचित करने के लिए तैयार है। फिल्म के अभिनेता सोनम बाजवा और गुरनाम भुल्लर के बीच की केमिस्ट्री ने इस फिल्म को दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनाया। मन्नत और पूरन की प्रेम कहानी तब शुरू होती है जब पूरन को मन्नत से पहली नज़र में प्यार हो जाता है, लेकिन मन्नत से किए वादे की वजह से अपने प्यार का इज़हार नहीं कर सकता। गुरनाम भुल्लर ने एक बार फिर हमें अपने चुलबुले लड़के की छवि का एक नया रूप दिखाया है और दूसरी तरफ सोनम बाजवा ने एक ठेठ पंजाबन के अपने गुणों से हमें रूबरू कराया है।

# राजस्थान के युवकों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

## ब्रिलियंट ओवरसीज के खिलाफ एफआईआर हुई दर्ज




तरनतारन / यूटर्न / 15 अप्रैल। शुक्रवार को तरनतारन में एक्सिस बैंक के साथ चलाए जा रहे ब्रिलियंट ओवरसीज के स्टाफ के खिलाफ राजस्थान के युवकों को कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी करने का मामला दर्ज किया गया है। राजस्थान के जिला हनुमानगढ़ के गुरुसर कोहला निवासी संदीप सिंह और लवप्रीत सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने कहा था कि ब्रिलियंट ओवरसीज के नाम पर ट्रेवल एजेंट का काम करते सुरजीत सिंह बावा निवासी सुल्तानविड रोड, लवजीत दुग्गल छेहरटा रोड, गुरप्रीत कौर निवासी गांव सुंदड़ा मान (फगवाड़ा), हरमन कौर सुखमणी संधू कालोनी छेहरटा, अमन कौर निवासी गांव सुनईया (गुरदासपुर), परमजीत सिंह उर्फ अर्जुन निवासी गांव सुंदड़ा मान (फगवाड़ा) ने उनको कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख की राशि ली। पैसे लेने के बाद उनको कनाडा नहीं भेजा। पैसे वापस मांगने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकियां दी। नौ अप्रैल 2019 को पुलिस को शिकायत दी गई थी। इसकी जांच डीएसपी (एच) द्वारा की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## जन्मदिन मुबारक



रतन लाल



पवन कुमार



टोनी अरोड़ा



पूजा तुली

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

### जोखिम-चुनौतियां, गिरकर संभलना, यही सफलता का मंत्र

# इंडिया नेटवर्क के सीईओ ने दिए स्टार्ट अप को लेकर अहम टिप्स

## आईआईएम से पढ़े राहुल नार्वेकर ने संबोधित किया सीआईसीयू से जुड़े सैकड़ों मेंबरों को



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। कारोबारियों के प्रमुख संगठन सीआईसीयू ने इंडिया नेटवर्क के सीईओ राहुल नार्वेकर को बतौर वक्ता आमंत्रित कर विशेष सत्र का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने संगठन के करीब डेढ़ सौ मेंबरों को स्टार्ट अप के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। काबिलेजिक्र है कि द इंडिया नेटवर्क एंड सन एंड सैंड्स एडवाइजर्स लिमिटेड के संस्थापक राहुल नार्वेकर आईआईएम-अहमदाबाद व कोलकात्ता से पढ़े और उनका सफल ट्रैक रिकॉर्ड है। एक अनुभवी स्टार्टअप उद्यमी के तौर पर सीआईसीयू सदस्यों से उनकी बातचीत बेहद सार्थक रही। जिन्होंने उनसे एक सर्वश्रेष्ठ उद्यमी बनने के टिप्स हासिल किए। साथ ही कैसे वे अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं, साथ ही व्यवसाय को कैसे तेजी से बढ़ा सकते हैं, यह भी सीखा। नार्वेकर ने जोर देकर कहा कि किसी जुनूनी शख्स की तरह जीवन शैली में बदलाव करके ही वह एक सफल कंपनी को इस मुकाम तक पहुंचा सके। करीब 85 मिलियन डॉलर की वैल्युएशन वाली कंपनी बनाने तक के अपने कारोबारी सफर के अनुभव उन्होंने साझा किए। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और एक नया उद्यम शुरू करते समय आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि यहां मौजूद कारोबारी सही विचार की प्रतीक्षा न करें, कोई भी सरल विचार चुनें और निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करें। जोखिम लेना शुरू करें, चुनौतियों का सामना करें, गिरें और वापस लड़ें, लेकिन हार नहीं मानें अस्वीकृति स्वीकार करना सीखें। हकीकत में यही सफलता का मंत्र होता है। इस मौके पर सीआईसीयू के प्रेसिडेंट उपकार सिंह आहूजा, जनरल सेक्रेटरी पंकज शर्मा, म जेएस भोगल-प्रचार सचिव, राहुल ने भी अपने विचार रखे। इस इंट्रेक्शन सेशन में प्रमुख कारोबारियों में हनी सेठी, गौतम मल्होत्रा, सर्वजीत सिंह, संजय धीमान, बरुणप्रीत सिंह, विनोद थापर, चरणजीव सिंह, नवदीप सिंह, हरजीत सिंह, डॉ. दीपक जैन, सुरिंदर सिंह पनेसर, जसविंदर सिंह पनेसर, समीर कोचर, राजिंदर कोचर, जसविंदर सिंह पनेसर, मनजीत सिंह, मनदीप सिंह सूरी, नरिंदर मिगलानी, निखिल ढांड,अजमेर सिंह चहल, आकाश दीप बस्सी,अमन बस्सी, निखिल सैनी, रविंदर सैनी, सर्वजीत आहूजा, अनिल बेदी, अधीश उप्पल, नवीन सतीजा, रोहित मल्होत्रा, अतुल मल्होत्रा की खास मौजूदगी रही।

# जापान में जनता के कल्याण की आड़ में कोई मुफ्तखोरी-स्कीम क्यों नहीं चलती ?

## किसी भी देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा अहम पहलू



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। जापान सरकार यानि जापानियों का जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक ही आदर्श-वाक्य 'इसके लिए काम करें या इसके बिना करें' माना जाता है। सीधेतौर पर कर्म में विश्वास रखने वाले जापानी मुफ्तखोरी में कतई भरोसा नहीं रखते हैं। वैसे भी खुद्दारी के लिए मशहूर इस मुल्क का हर नागरिक अपने राष्ट्र के प्रति पूरी तरह समर्पित है। जापानियों का साफ मानना है कि आप अमीरों को बाहर रखते हुए सिर्फ गरीबों को ही समृद्धि में लाने वाला कोई चमत्कारी-कानून नहीं बना सकते हैं। यह भी मुमकिन नहीं कि बिना काम किए एक व्यक्ति को कुछ मिले, जबकि दूसरा व्यक्ति कुछ भी बिना मुफ्त प्राप्त किए काम करे। कोई भी सरकार किसी को कुछ भी नहीं दे सकती है, अगर सरकार पहले किसी से कुछ नहीं लेती है। समाज को मुफ्तखोरी के नाम विभाजित कर देश को स्मृद्ध यानि धनवान नहीं बनाया जा सकता है। अगर किसी भी देश के आधे लोगों की यह सोच बना दी जाए कि उन्हें काम ही नहीं करना है। साथ ही दूसरी आधी आबादी उनकी देखभाल करने वाली है। जबकि दूसरी आधी आबादी की यह सोच बन जाए कि काम करके भी उनको तो कुछ भी मुफ्त नहीं मिल रहा और दूसरी आधी आबादी बिना कुछ किए ही मुफ्तखोरी के मजे ले रही है तो यह घातक स्थिति होती है। लिहाजा भारत जैसे देश में जनता को कल्याणकारी योजनाओं की आड़ में मुफ्तखोर बनाने व समाज को इसी नाम पर दो हिस्सों में बांटने की राजनीतिक-होड़ के खिलाफ सबको निष्पक्ष तरीके से आवाज बुलंद करनी चाहिए।

*-(रजनीश आहूजा, प्रेसिडेंट अपैक्स चैंबर आफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स)*

# मिस्त्र अब भारत से खरीदेगा गेहूं



नई दिल्ली/ यूटर्न / 15 अप्रैल। मिस्त्र ने भारत को गेहूं आपूर्तिकर्ता के रूप में मंजूरी दे दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को बताया कि रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई के कारण मिस्त्र को गेहूं के आयात में मुश्किल हो रही है। इस संघर्ष के कारण वैश्विक बाजारों में गेहूं की उपलब्धता में भारी गिरावट आई है। दोनों देश गेहूं के बड़े उत्पादक और निर्यातक हैं। मिस्त्र ने 2020 में रूस से लगभग 1.8 बिलियन डालर और यूक्रेन से 610.8 मिलियन डालर का गेहूं आयात किया था। अब यह खरीद का मौका भारतीय किसानों को मिलेगा। गोयल ने कहा कि अफ्रीकी देश मिस्त्र भारत से 10 लाख टन गेहूं आयात करना चाहता है और उसे अप्रैल में 2,40,000 टन गेहूं की जरूरत होगी। भारतीय किसान दुनिया का पेट भर रहे हैं। मिस्त्र ने भारत को गेहूं आपूर्तिकर्ता के रूप में मंजूरी दी। मिस्त्र खाद्य आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की तलाश कर रहा है। हमारे किसानों ने सुनिश्चित किया है कि हमारे अन्न भंडार भरपूर हैं और हम दुनिया की सेवा के लिए तैयार हैं। गोयल ने बताया कि भारत का गेहूं निर्यात अप्रैल-जनवरी 2021-22 में बढ़कर 1.74 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 340.17 मिलियन डॉलर था। 2019-20 में गेहूं का निर्यात 61.84 मिलियन डालर का था, जो 2020-21 में बढ़कर 549.67 मिलियन डॉलर हो गया। भारत का गेहूं निर्यात मुख्य रूप से पड़ोसी देशों को होता है, जिसमें 2020-21 में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से बांग्लादेश की सबसे बड़ी हिस्सेदारी 54 प्रतिशत से अधिक है।

# नियमों का उल्लंघन करने पर सेबी ने 23 एंटिटीज पर लगाया 50 लाख रुपये का बड़ा जुर्माना



नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को यूनिसिस सॉफ्टवेयर्स एंड होल्डिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों के लेनदेन में प्रतिभूति बाजार के नियमों का उल्लंघन करने पर 23 एंटिटीज पर कुल 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ताजा आदेश जनवरी 2010 से नवंबर 2014 की अवधि के दौरान सेबी द्वारा यूनिसिस के शेयरों की जांच के बाद आया है। आदेश में कहा गया कि उन्होंने तरजीही आवंटन के माध्यम से पूंजी प्रवाह का आभास देकर निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की। कंपनी में वास्तविक पूंजी प्रवाह को सीमित कर दिया गया था। यह पीएफयूटीपी (प्रोहिबिशन ऑफ फ्रॉडुलेंट एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस) का उल्लंघन है। इसके अलावा, नियामक ने कहा कि यूनिसिस ने स्टॉक एक्सचेंजों को बार-बार गलत तिमाही शेयरधारिता पैटर्न डिस्क्लोजर्स दिए। नियमों के उल्लंघन के लिए नियामक ने यूनिसिस पर 4 लाख रुपये का जुर्माना और यूनिसिस तथा अन्य 22 एंटिटीज पर 46 लाख रुपये का सामूहिक जुर्माना लगाया है। यूनिसिस मामले से अलग नौ अलग-अलग आदेशों में सेबी ने बीएसई के इलिक्विड स्टॉक ऑप्शंस सेगमेंट में गैर-वास्तविक ट्रेडों को लेकर कई एंटिटीज पर 46.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नियामक ने नासिक एंटरटेनमेंट वर्ल्ड डेवलपर्स, प्रीति रायका, धनवत राय शाह एचयूएफ, विनोद कुमार कोठारी एंड सन्स एचयूएफ, सौरभ अग्रवाल एचयूएफ, कमल किशोर मालू एचयूएफ, ओम प्रकाश बांका एचयूएफ, बीना गुप्ता और बीना केडिया पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, अशोक कुमार राजगरिया एचयूएफ पर 1.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एक अन्य मामले में सेबी ने बीएसई और एनएसई पर भी जुर्माना लगाया है। इनपर आरोप है कि इन्होंने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. (केएसबीएल) द्वारा ग्राहकों की 2,300 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों के दुरुपयोग करने के मामले में 'लापरवाही' बरती है।

# 'आरबीआई जून में चौथाई फीसद बढ़ा सकता है रेपो रेट'




मुंबई / यूटर्न / 14 अप्रैल। एसबीआई की इकोरैप रिपोर्ट में कहा गया कि 'भारतीय रिजर्व बैंक ग्रोथ के मुकाबले मुद्रास्फीति को प्राथमिकता पर रखते हुए जून में रेपो दर में कम से कम 25 (चौथाई फीसद) की बढ़ोतरी कर सकता है।' गौरतलब है कि पिछले हफ्ते घोषित अपनी मौद्रिक नीति में आरबीआई ने रेपो दर को 4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। छह-सदस्यीय मौद्रिक पैनल ने अकोमोडेटिव रहने का निर्णय लिया था। रिपोर्ट में कहा गया, ₹अब हम जून और अगस्त में दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि ब्याज दर सख्त होने के साथ 75 आधार अंकों की संचयी वृद्धि की उम्मीद है। उपभोक्ता मूल्य-आधारित सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई खुदरा मुद्रास्फीति, मार्च 2022 में वार्षिक आधार पर 6.95 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी 2022 में यह 6.07 प्रतिशत थी। मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण महंगाई का आंकड़ा बढ़ा है। इसके अलावा रूस-यूक्रेन संघर्ष ने मुद्रास्फीति को काफी प्रभावित किया है। मार्च 2022 के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चलता है कि गेहूं, प्रोटीन आइटम (विशेष रूप से चिकन), दूध, रिफाइंड तेल, आलू, मिर्च, मिट्टी का तेल, सोना और एलपीजी का मुद्रास्फीति में समग्र योगदान रहा है।

# पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो के दूसरे दिन भी स्टॉल्स पर उमड़े लोग

## सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में 18 अप्रैल तक चलने वाली एक्सपो में लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के स्टॉल्स













लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो महानगर में फिरोजपुर रोड पर श्री दुर्गा माता मंदिर के पास सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में जारी है। जिसके दूसरे दिन भी खरीदारों की भीड़ उसमें लगे सैकड़ों स्टॉल्स पर उमड़ी नजर आई। महानगर में तमाम राज्यों-देशों के रहने वाले लोगों के लिए इस एक्सपो में 18 अप्रैल यानि लगातार पांच दिन मनपसंद खरीदारी का सुनहरा मौका प्रदान करेगी।

सबकी जरुरतों को पूरा करने वाले लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के 150 स्टॉल्स लगे होने के साथ ही यहां किफायती दामों में अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मिलना महंगाई के इस दौर में भी मिल रहे हैं। गौरतलब है कि इस एक्सपो में लगे इंटीरियर-डेकोरेशन, फर्नीचर, डैकोरेटिव व गिफ्ट आइटम्स के अलावा किचेन एसेसरीज, क्राकरी के स्टॉल पर खरीदारों की ज्यादा दिलचस्पी नजर आई। इनके साथ ही खाने-पीने के उत्पादों व अन्य स्टॉल्स पर भी लोगों ने लेटेस्ट प्रोडक्टस खरीदने में रुचि दिखाई। इस एक्सपो के आयोजक





शोमैन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ध्रुवनेश शर्मा ने बताया कि 26 वर्षों के अनुभव के साथ प्रदर्शनियों के आयोजन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ लिमिटेड और लाइफस्टाइल के 253 शो पेश कर चुका का है। इस एक्सपो में चौथे संस्करण की शुरुआत की गई है। शोमैन एसोसिएट्स अपने सिल्वर जुबली अनुभव के साथ नवीनतम उत्पादों के साथ प्रदर्शनी लगाते हैं। कंपनी के प्रमुख व प्रदर्शनी के आयोजक सतीश शर्मा शोमैन की टीम पूरी तत्परता से इसे सफल बनाने का संकल्प लेकर एकजुटता दर्शा रही है।

*-फोटो-मुनीश वशिष्ठ*

# किट्टी ग्रुप की ओर से बैसाखी थीम पर किट्टी पार्टी का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। लुधियाना में किट्टी ग्रुप द्वारा बैसाखी थीम पर किट्टी पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी महिलाएं फुलकारी का दुप्पटा पहने पंजाबी फैशन को प्रदर्शित करते हुए पहुंची। पार्टी के दौरान कई तरह की गेम्स और रैंप वॉक तक आयोजित की गई। -फोटो: विशाल ढल्ल

## डी. डी. जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने नये ब्लॉक का उद्घाटन किया

लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। जब तक आप सोचने में सक्षम हो, हमेशा बड़े लक्ष्य के बारे में सोचें। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए डी. डी. जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने अपने नए ब्लॉक के उद्घाटन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि श्री चंदर गैंद, आईएएस, संभागीय आयुक्त, जिला पटियाला, पंजाब सरकार द्वारा रिबन-कटिंग के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर राघव जैन, आईपीएस, पवन कुमार और अनिल सिंघानिया विशिष्ट अतिथि थे। यह सपना अध्यक्ष श्री नंद कुमार जैन और एस.एस.जैन गर्ल्स स्कूल प्रबंधन समिति के अन्य सभी प्रतिष्ठित सदस्यों की वर्षों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, दृढ़ता के बाद अपनी पूर्ण परिणति में आया है,





जिसका उद्देश्य समुदाय की सेवा करना है और बड़े पैमाने पर देश को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक शिक्षा प्रदान करना है। छात्र-शिक्षकों ने कई गतिविधियों जैसे- धार्मिक समूह गीत, लोक गीत, हिमाचली नृत्य, राजस्थानी नृत्य और पंजाबी लोक नृत्य- गिधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंजाबी मुटियारा द्वारा गाए गए जागो, ढोलक और पंजाबी बोलियां से रंग-बिरंगे लहंगे, टिक्का और सागी फुल से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।


## पोदार ग्रुप ने लांच की बेडरॉक ट्रैक्टर टायर रेंज




नई दिल्ली / यूटर्न / 15 अप्रैल। दिल्ली राइड एशिया प्रदर्शनी में डीलरों से बीतचीत करते बेडरॉक टायर के एमडी रोहित पोदार व एवीपी सेल्स एंड मार्केटिंग आलोक जयसवाल। जयसवाल ने बताया कि उन्होंने भारतीय मार्केट में आज ट्रैक्टर के फ्रंट और रीयर टायर को लांच किया।

## जीवन और मृत्यु जिंदगी के दो छोर हैं: मनीषी संत मुनि श्री विनय कुमार जी आलोक

लुधियाना/ यूटर्न / 15 अप्रैल। मृत्यु जीवन का खेल संसार में सदैव चलता रहता है। ये निरंतर प्रक्रिया है जो न कभी रुकती है न कभी आरम्भ होती है। यहां जीवन चाहिए हो तो मृत्यु के बिना नहीं हो सकेगा। एक अर्थ में अंधेरा प्रकाश का विरोधी भी है और एक अर्थ में सहयोगी भी। ये दोनों बातें ख्याल में रखना। विरोधी इस अर्थ में कि अंधेरे से ठीक उलटा है। सहयोगी इस अर्थ में कि बिना अंधेरे के प्रकाश हो ही न सकेगा। अंधेरा पृष्ठभूमि भी है प्रकाश की और ऐसा ही जीवन-मृत्यु का संबंध है। मृत्यु के बिना जीवन की कोई संभावना नहीं। मृत्यु की भूमि में ही जीवन के फूल खिलते हैं और मृत्यु में ही टूटते हैं, गिरते हैं, बिखर जाते हैं। जैसे पृथ्वी से उगता है पौधा, खिलता है, बड़ा होता है और एक दिन वहीं





गिरकर पृथ्वी में ही कब्र बन जाती है। ये शब्द मनीषी संत मुनि श्री विनय कुमार जी आलोक ने भाई प्रवीन सेतिया की आस्मिक मृत्यु उनकी स्मृति सभा मे इकबाल गंज लुधियाना तेरापंथ भवन मे कहे। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष धीरज सेतिया ने आत्मा के उत्तरोतर विकास की मंगलकामना की। भावभिनी श्रद्धाजंलि समारोह में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमल नौलखा, तेरापंथ युवक परिषद मंत्री प्रतीक कोचर, तेरापंथ महिला मंडल मंत्री श्रद्धा दुगड, सभा उपाध्यक्ष अभयराज सिंधी, पंजाब महासभा प्रभारी कुलदीप सुराणा, तेरापंथ सभा सहमंत्री राजेश सेतिया, ने आचार्यवर के संदेश का वाचन किया। परिवार की तरफ से गीतिका, सारिका सेतिया व कविता सेतिया ने भावविनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। सेतिया परिवार का समाज मे बडा मूल्य है। परिवारिक संगठन बेजोड है। ऐसा संगठन देखने मे कम मिलता है। सहजता सरलता, परिवार की विशेषता है। भाई प्रवीन इतना ही सहज और सरल, सौम्य था। कोई भी उनसे इधर उधर की बात करता तो वह हंसकर टाल देता। व्यक्ति का अचानक चले जाना परिवार की लिए ही तो दुखद ही है पर समाज के लिए भी दुखद घटना है। प्रवीन सेतिया पुनम चंद जी सेठिया के सुपुत्र एंव प्रदीप सेतिया के बडे भ्राता थे। प्रदीप ने भी अपना कर्तव्य पूरी सुघडता के साथ निभाया। व्यापार की चिंता न करते हुए भाई की चिंता मे रत थे।

## वीनस लेडीज क्लब की तरफ से सैंतीस साल पूरे होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। वीनस लेडीज क्लब की तरफ से सैंतीस साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं क्लब मेंबर्स ने बैसाखी पर्व सेलिब्रेट किया। मुख्य मेहमान के तौर पर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू पहुंचे। जिनका प्रेसीडेंट धीरा मेहरा, वाइस प्रेसीडेंट पवनीत पाहवा, सेक्रेटरी गुरदीप खरे ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान मेंबर्स ने जागो निकाली। वहीं 'वेहड़ा शगना दा' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी कल्चर, पुरानी शादियां, जागो दिखाई गई। इस दौरान क्लब के पच्चीस मेंबर्स ने परफार्मेंस दी। क्लब की चैरी खरबंदा ने सोलो डांस परफार्मेंस तो रूपम शर्मा और सिपल कपूर ने कनक दी राखी पर डूइट परफार्मेंस दी। तंबोला व फन गेम्स कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे। -फोटो:विशाल ढल्ल

नशा तस्करों का नेटवर्क क्या ऐसा ही खत्म होगा ?

# चिट्टा बेचते जिसे पकड़वाया, उसे दिया छोड़ दोबारा वीडियो वायरल, पुलिस पर इलजाम

## निजी चैनल के पत्रकार ने लाइव होकर किया दावा, मौत के सौदागारों को घेरा

लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद सीएम भगवंत मान और पुलिस के आला अफसर लगातार नशा तस्करों का नेटवर्क खत्म करने के दावे कर रहे हैं। दूसरी तरफ महानगर के थाना जमालपुर में लगते आउटर एरिया मुंडिया में इसकी जमीनी हकीकत एकदम उलट नजर आती है। जहां एक निजी चैनल के पत्रकार, सोशल एक्टिविस्ट गुरप्रीत सिंह महदूदां ने तीन दिन पहले हैरान करने वाला स्टिंग कर चिट्टा बेचने वालों के एक गुर्गे को रंगे हाथों दबोच लिया था। बाकायदा उन्होंने लाइव होकर वीडियो में दिखाया था कि एक पुलिस मुलाजिम की मदद से कैसे उन्होंने ट्रैप लगाकर आरोपी को काबू किया। खैर, शुक्रवार दोपहर पत्रकार महदूदां फिर लाइव हुए और उन्होंने वीडियो वायरल कर हैरान करने वाली जानकारी दी। उनका इलजाम था कि चौकी मुंडिया कलां की पुलिस ने तीन



● तीन पहले लाइव होकर चिटटा बेचने के आरोपी को काबू कर पुलिस को सौंपते पत्रकार गुरप्रीत सिंह मददूदां।

दिन पहले पकड़वाया आरोपी 'बेकसूर' मानते हुए छोड़ दिया था। इसके बाद आज आरोपी जांच में शामिल होने को हाजिर रहने का वादा कर ट्रक में घर का सामान लादकर चुपचाप कहीं भागने वाला था। यह भनक लगते ही उन्होंने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन उनका फोन तक रिसीव नहीं किया गया। फिर वह भागने वाले आरोपी व उसके साथियों का पता



● शुक्रवार को पुलिस चौकी मुंडिया के सामने दूसरी बार लाइव होकर महदूदां खुद पर जानलेवा हमले के साथ ही पुलिस पर भी संगीन इलजाम लगाते हुए


लगाने एक्टिवा पर सवार होकर निकले। उनका आरोप है कि रास्ते में आरोपी के एक मददगार को उन्होंने बंद गली में घेरना चाहा तो उसने पलटकर अपने दोपहिया वाहन से उनकी एक्टिवा में टक्कर मारी और भाग निकला। जिससे उनके हाथ-पैर में चोटें आई, उनके सिर पर बंधा परना भी खुल गया और एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। इसके गवाह पीछे मदद के लिए आ रहे दो मोहल्लेदार भी थे। महदूदां इसके बावजूद नजदीक स्थित पुलिस चौकी के सामने पहुंचे और बाकायदा लाइव रहते हुए पुलिस पर संगीन इलजाम लगाए। फिर चौकी में दाखिल होकर उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि सारे सबूत हैं, आरोपी के खिलाफ उन पर जानलेवा हमला करने का पर्चा दर्ज किया जाए। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि अगर आरोपी को काबू कर नशा तस्करों तक पहुंचने की कोशिश स्थानीय पुलिस ने नहीं की तो वह कल से रोजाना पुलिस कमिश्नर दफ्तर के सामने धरना लगाएंगे।

### पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान

खैर, पत्रकार महदूदां के आरोप कितने सही या गलत हैं, यह पुलिस-जांच का विषय है। हालांकि तीन दिन पहले वायरल हुए वीडियो में पकड़ा गया आरोपी पुलिस मुलाजिम के सामने साफ कबूल कर रहा है कि वह किस जगह से चिटटा लाकर इस जगह बेच रहा था। जबकि आज वायरल हुए वीडियो में आरोपी को पकड़वाने वाले महदूदां अपने हमले के सबूत दिखाते नजर आए। ऐसे में नशा-तस्करी या दूसरे अपराध रोकने के पुलिस के दावे सवालिया घेरे में तो हैं। वर्ना लाइव वीडियो में आज खामोश नजर आ रहे पुलिस मुलाजिम चौकी के सामने खड़े होकर चुनौती देते इस शख्स के आरोपों का जवाब देने को आगे क्यों नहीं आए। वहीं, इस मामले में इलाका विधायक हरदीप सिंह मुंडिया ने इतना जरूर कहा कि ऐसी घटना अगर किसी पत्रकार के साथ हुई है तो बेहद निंदनीय है। वह खुद पूरे मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराएंगे। जबकि देर शाम तक यह अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी कि पुलिस ने हमले वाली घटना को लेकर क्या कार्रवाई की।

# फिक्की एफएलओ द्वारा मैनिफेस्टेशन एंड द ला आफ अट्रैक्शन विषय पर वर्कशॉप का आयोजन















लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। लुधियाना के फिक्की एफएलओ लुधियाना चैप्टर ने चेयरपर्सन नेहा गुप्ता की अध्यक्षता में एक वर्कशाप का आयोजन किया, जिसमें बिजनेस कोच राहुल जैन पहुंचे। मुख्य वक्ता राहुल जैन ने मैनिफेस्टेशन एंड द ला आफ अट्रैक्शन विषय पर अपने विचार रखे। इससे पहले प्रोजेक्ट हेड वसुधा गुप्ता ने वर्कशॉप की शुरुआत करते हुए मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डे चेयर वर्कशाप में पायल जैन, निधि अग्रवाल ने निभाई। राहुल जैन ने मौजूद मेंबर्स को संबोधित करते हुए उच्च मुकाम पाने के सिद्धांत बताए। इससे संबंधित हर वह चीज जिसे इंसान अपने जीवन में नहीं करना चाहता और करना भी चाहता है पर उसे कैसे पाया जा सकता है, के बारे बताया। वह बोले कि अपने में आत्मविश्वास रखो। अगर आप में आत्मविश्वास है तो हर मुकाम को आसानी से पा सकते है। अगर आपने अपना चाहा मुकाम पा लिया तो तकनीक भी खुद ब खुद सीखते जाओगे, इससे दूसरा आपकी ओर आकर्षित होगा। बता दें कि राहुल जैन ने पिछले अठारह सालों में 19,000 से अधिक बिजनेस प्रमुख को टिप्स दिए हैं।

-फोटो: विशाल ढल्ल

# जीतो लुधियाना चैप्टर ने कराया एक शाम भगवान महावीर के नाम

## ब्रुड ब्रदर्स इंदौर ने बांधां लाइव सिगिंग का नजारा

लुधियाना / यूटर्न / 15 अप्रैल। जीतो लुधियाना चैप्टर, जीतो लेडीज विंग व यूथ विंग के सहयोग से 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी का 2621वां जन्म कल्याणक उत्सव एक शाम भगवान महावीर स्वामी का आयोजन ऐतिहासिक स्थान भगवान महावीर वनस्थली प्रांगण में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य मेहमान जितेंद्र जैन रशम निट, गेस्ट आफ ऑनर कैबिनेट मंत्री फाइनांस एंड एक्साइज एंड टेक्सशेन हरपाल सिंह चीमा, एडीशनल प्रिंसपल सेकेट्री पंजाब पीयूष जैन, खन्ना से एसडीएम मंजीत कौर, एडवोकेट अजय जैन सहित डा. प्रज्ञा जैन आईपीएस, पायल, साहनेवाल से एमएल विशेष रुप से पहुंचने पर उनका स्वागत जीतो लुधियाना चैप्टर चेयरमैन भूषण जैन, चीफ सेकेट्री राजीव जैन आदि सदस्यों ने किया। समारोह में जैन






समुदाय के युवा चमत्कार नमस्कार महामंत्र पर जीतो लेडीज विंग मंजू ओसवाल, सीरत ओसवाल, विनोद देवी सुराणा की टीम सदस्यों ने नाटय रुपांतर की प्रस्तुति दी। समारोह में आकर्षण का केंद्र बुररड ब्रदर्स इंदौर रहे, जिन्होंने लाइव सिंगिग से भगवान महावीर स्वामी की महिमा का गुणगान कर उपस्थिति का समां बांधा। इस दौरान पंचूलेटि ड्रा के माध्यम से माता त्रिशला देवी के 14 स्वप्नों के रुप में सिल्वर सिक्के पुरस्कार रुप में दिए गए। इस अवसर पर प्रीति भोज का लाभ अजीत जैन चार्ली के जैन परिवार, प्रभावना लाभार्थी विजय-नीरु जैन आत्म पैकेज ने ली। इस अवसर पर चेयरमैन भूषण जैन व चीफ सेकेट्री राजीव जैन ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक उत्सव पर सभी सदस्यों का सफलतापूर्वक बनाने को लेकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जीतो फाऊंडर पैटर्न कोमल कुमार जैन, चेयरमैन भूषण जैन, चीफ सेकेट्री राजीव जैन चमन, सीनियर वाइंस प्रेजीडेंट अमित जैन, जोनल वाइंस चेयरमैन तरुण जैन, वाइंस चेयरमैन रमेश जैन् स्वास्तिक सेकेट्री राकेश जैन, कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, एक्जीक्यूटिव सदस्यों में राकेश जैन रोमी, जीतो लेडीज विंग से चेयरमैन मंजू ओसवाल, सेकेट्री सीरत ओसवाल, तेरापंथ सभा से कमल नवलक्खा, जालंधर से तुषार जैन, यूथ विंग चेयरमैन साहिल जैन, सेकेट्री रम्यक जैन आदि शामिल थे।

## खबर जरा हटके


# गर्मी में हो रहे हैं परेशान तो घर ले आएं पोर्टेबल एसी

आज के जमाने में हर व्यक्ति चाहता है कि गर्मी में झुलसने की बजाय वह ऐसी का आनंद लें। ऐसी यानी एयर कंडीशनिंग सिस्टम और यह आपको गर्मी में सामान्य मौसम का एहसास कराता है। AC की वजह से आप अपने घर में चैन की बंसी बजा सकते हैं। आजकल की गर्मियों में जहां टेंपरेचर 45 डिग्री सेल्सियस से आगे बढ़ते बढ़ते कब 48 पहुंचता है 50 पहुंचता है और कई जगहों पर तो उससे भी अधिक पहुंचता है। कई बार समस्या ऐसी आती है कि लोगों के पास विंडोज या स्प्लिट AC इंस्टॉल करने का मेथड नहीं होता है या उनके घर में जगह नहीं होती है। ऐसे में आपके पास विकल्प है पोर्टेबल एसी का।



जी हां! पोर्टेबल एसी एक ऐसा विकल्प है जिसे इस्तेमाल करके आप गर्मी में खुद को राहत पहुंचा सकते हैं। सच बात तो यह है कि यह किसी भी कमरे में आसानी से फिट हो जाते हैं और इसे लगाने में किसी प्रकार का कोई झंझट भी नहीं होता है। इतना ही नहीं ऑफलाइन मार्केट के साथ-साथ ऑनलाइन मार्केट से भी आपको पोर्टेबल AC ऑर्डर कर सकते हैं। जैसे आप किसी कूलर को यहां से वहां शिफ्ट करते हैं, वैसे ही ऑनलाइन पोर्टेबल एसी भी आप शिफ्ट कर सकते हैं। यह खासकर किरायेदारों के लिए भी काफी काम का होता है, क्योंकि जब वह घर शिफ्ट करते हैं तो इधर-उधर AC लगाने से वह बचना चाहते हैं। यह उन्हें काफी झंझट वाला काम लगता है। ऐसे में पोर्टेबल एसी लीजिए और अपना काम आसान बना लीजिये।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# श्रीलंका का आर्थिक रूप से डूबना दुनियाभर के लिए बड़ा सबक है

श्रीलंका में स्थिति दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही है। यूक्रेन एवं रूस तो आपस में युद्ध करके एक दूसरे को बर्बाद कर रहे हैं परंतु श्रीलंका में तो किसी प्रकार का युद्ध भी नहीं है फिर एकाएक श्रीलंका में ऐसा क्या हुआ है कि वहां के नागरिक एक-एक रोटी के लिए तरस रहे हैं एवं डॉक्टर इसलिए आंदोलन कर रहे हैं कि वे चाहते हैं कि श्रीलंका में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी जाये क्योंकि वहां आवश्यक दवाईयों का नितांत अभाव हो गया है। श्रीलंका में पेट्रोल पम्पों पर लम्बी-लम्बी लाईनें लग रही हैं फिर भी पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बच्चों के लिए दूध उपलब्ध नहीं है, स्कूल बंद कर दिए गए हैं। देश में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है। बासमती चावल 480 रुपए प्रति किलो, एक लीटर नारियल तेल 900 रुपए में, एक नारियल 110 रुपए में, उड़द की दाल 800 रुपए प्रति किलो एवं मूंगफली 900 रुपए प्रति किलो मिल रही है। इसी प्रकार की कहानी सब्जियों की भी है। सब्जियां एवं अन्य खाद्य सामग्री भी बहुत महंगी दरों पर बिक रही



हैं। श्रीलंका की आर्थिक स्थिति आज बद से बदतर होती जा रही है। विदेशी मुद्रा भंडार बहुत अधिक (एक अरब अमेरिकी डॉलर से भी कम के स्तर पर) घट गया है जिससे किसी भी वस्तु (पेट्रोल एवं डीजल सहित) के आयात करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीलंका में यह स्थिति रातोंरात निर्मित नहीं हुई है इसके लिए वहां की सरकार द्वारा लिए गए कई गलत आर्थिक निर्णयों के कारण श्रीलंका में ऐसे हालात निर्मित हो गए हैं। दरअसल, वर्ष 2019 में राष्ट्रपति चुनाव के समय किए गए करों सम्बंधी वादों पर अमल करते हुए वैट की दरों को आधा (15 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत) कर दिया गया और देश में वस्तुओं की मांग निर्मित करने के उद्देश्य से अन्य करों में भी भारी कमी की घोषणा की गई, इस कारण से सरकारी खजाने की आय में होने जा रही कमी की भरपाई के लिए कोई भी उचित कदम ही नहीं उठाया गया। चुनावी वादे पूरे करने के कारण सरकारी खजाने को अरबों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। सरकारी खजाने की आय में आई कमी की पूर्ति के लिए सरकार को कर्ज लेना पड़ा और श्रीलंका का कर्ज वर्ष 2019 में सकल घरेलू उत्पाद के 94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021 में सकल घरेलू उत्पाद का 119 प्रतिशत हो गया। कर की मद से होने वाली आय में आई भारी कमी की पूर्ति नयी मुद्रा को छापकर की जाने लगी जिसके कारण मुद्रास्फीति की दर में भारी उछाल आ गया और वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ने लगे।

इस बीच, वर्ष 2020 में कोरोना महामारी ने विश्व के अन्य देशों की तरह श्रीलंका में भी अपने पैर पसार लिए जिससे श्रीलंका के पर्यटन क्षेत्र की तो जैसे कमर ही टूट गई। श्रीलंका के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र की 12 प्रतिशत हिस्सेदारी है। श्रीलंका के लिए विदेशी मुद्रा के अर्जन में तीन क्षेत्र, यथा पर्यटन, विदेशों में बस गए श्रीलंकाइयों द्वारा भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा एवं श्रीलंका से होने वाला वस्त्र-निर्यात, बहुत बड़ी भूमिका अदा करते हैं। दुर्भाग्य से कोरोना महामारी के चलते उक्त तीनों ही क्षेत्र बहुत अधिक विपरीत रूप से प्रभावित हुए हैं। एक अनुमान के अनुसार, आज श्रीलंका पर लगभग 45 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी कर्ज चढ़ गया है जिसकी किश्तें चुकाने में श्रीलंका सरकार को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# गर्मियों में चेंज करें अपना लुक, स्टाइलिश दिखने के लिए फॉलो करें ये आसान टिप्स


मौसम बदलने के साथ हमारे वॉडरोब भी बदलता है। जहाँ सर्दियों में डार्क और मोटे फैब्रिक के कपड़े हमारे वार्डरोब में होते हैं। वहीं गर्मियों में इसकी जगह हल्के रंग और लाइट फैब्रिक कपड़े ले लेते हैं। अगर आप भी गर्मियों में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो

### ये टिप्स फॉलो करें

मौसम बदलने के साथ हमारे वॉडरोब भी बदलता है। जहाँ सर्दियों में डार्क और मोटे फैब्रिक के कपड़े हमारे वार्डरोब में होते हैं। वहीं गर्मियों में इसकी जगह हल्के रंग और लाइट फैब्रिक कपड़े ले लेते हैं। अगर आप भी गर्मियों में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ये टिप्स फॉलो करें -

### लाइट फैब्रिक है बेस्ट

गर्मियों में टाइट फिटिंग के कपड़ों की जगह ढीले और लाइट फैब्रिक के कपड़े पहनें। गर्मियों में टाइट फिटिंग के कपड़े पहनने से आपको पसीने की वजह से स्किन पर दाने या



रैशेज़ हो सकते हैं। गर्मियों में कॉटन सिल्क या शिफॉन फैब्रिक इस्तेमाल करें।

### कैजुअल लुक को बनाएं खास

गर्मियों में हल्के रंग के कपड़े पहनें। आप व्हाइट कलर की टी-शर्ट या शर्ट को शॉर्ट्स या डेनिम के साथ पहन सकती हैं। अगर आप अपने सिम्पल लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसके साथ कोई नेकपीस या कोई दूसरी एक्सेसरीज पहन सकती हैं।

### स्कर्ट को करें स्टाइल

गर्मियों में आप स्कर्ट को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करके पहन सकती हैं। आप चाहे तो स्कर्ट को ऑफ शोल्डर टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप स्कर्ट को प्रिंटेड टी-शर्ट या मैचिंग टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। गर्मियों के मौसम के लिए स्कर्ट बेस्ट है और इससे आप बेहद स्टाइलिश लुक भी पा सकती हैं।

### नेचुरल मेकअप है बेस्ट

अगर बात मेकअप की करें तो गर्मियों में नेचुरल मेकअप ही बेस्ट होता है। गर्मियों में हैवी मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इसके साथ ही गर्मियों में लगातार पसीना आने की वजह से आपकी स्किन पर रैशेज हो सकते हैं।

### समर लुक के लिए फ्लोरल ऑउटफिट

गर्मियों में फ्लोरल आउटफिट्स से आप स्टाइलिश लग सकती हैं। आप अपने वॉर्डरोब में फ्लोरल टॉप्स ड्रेस फ्लोरल स्कर्ट शामिल कर सकती हैं। यह आपको एक परफेक्ट समर लुक देगा।

# महावीर जयंती पर विशेष: जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। भगवान महावीर की जयंती का पावन अवसर देश-दुनिया को अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। मार्च-अप्रैल के महीने में जैन धर्म के लोगों द्वारा महावीर जयंती मनाई जाती है। यह महावीर स्मरण करने के लिए मनाया जाता है, जो जैन धर्म के अंतिम और 24वें तीर्थंकर थे।

**महावीर की कथा :** इक्ष्वाकु वंश में राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला से महावीर का जन्म हुआ था। किंवदंती है कि गर्भावस्था की अवधि के दौरान महावीर की मां को कई शुभ सपने आते थे। जैन धर्म में, गर्भावस्था के दौरान इस तरह के सपने एक महान आत्मा के आगमन का संकेत देते हैं। राजा सिद्धार्थ ने रानी के देखे गए कुल सोलह सपनों की व्याख्या की थी। यह भी माना जाता है कि महावीर के जन्म के दिन, देवराज इंद्र ने अभिषेक किया, जो सुमेरु पर्वत का अनुष्ठानिक अभिषेक है।

**आध्यात्मिक घटना :** जैन धर्म और धार्मिक तपस्वियों के लिए महावीर जयंती एक आध्यात्मिक अवसर है। वे अपना समय ध्यान और महावीर के श्लोकों का पाठ करने में बिताते हैं। आमतौर पर, पूजा और ध्यान का स्थान एक मंदिर होता है। भक्त देश भर में स्थित महत्वपूर्ण सामान्य और जैन मंदिरों की यात्रा भी करते हैं।

कई जैन गुरुओं को मंदिरों और यहां तक कि घरों में महावीर की शिक्षाओं और अहिंसा तथा मानवता के सिद्धांतों के बारे में प्रचार करने के लिए आमंत्रित भी किया जाता है। महावीर जयंती का पालन करने के लिए एक सख्त उपवास का अभ्यास भी महत्वपूर्ण तरीकों में से एक है। महावीर के उपदेश के अनुसार भक्त मानवता, अहिंसा और सद्भाव को अधिक महत्व देते हैं।

**निष्कर्ष :** महावीर जयंती केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जैन अनुयायियों का एक प्रमुख त्योहार है। जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा है। यह महावीर द्वारा स्वयं उनके जीवन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत भी है। आप सबको को महावीर जयंती की शुभकामनाएं।



(डॉ. वीनू जैन एवं डॉ. दीपक जैन)

# पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंची गुजरात

## राजस्थान रॉयल्स को 37 रन से हराया, पहले बल्ले से उसके बाद गेंद से दम दिखाकर चमके पांड्या

मुंबई / यूटर्न: आईपीएल 2022 के 24वें मैच में गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को 37 रन से हरा दिया है। आरआर के सामने मैच जीतने के लिए 193 का टारगेट था, लेकिन टीम 9 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। गुजरात के लिए लॉकी फर्ग्यूसन और यश दयाल ने 3-3 विकेट चटकाए। गुजरात की 5 मैचों में ये चौथी जीत रही। इस जीत के साथ ही GT 8 पॉइंट्स के साथ पहले पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स की 5 मैचों में ये दूसरी हार है। इससे पहले गुजरात ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 192 रनों का स्कोर बनाया था। कप्तान हार्दिक पंड्या ने नाबाद 87 रन की पारी खेली और टॉप स्कोरर रहे। RR की ओर से रियान पराग, युजवेंद्र चहल और कुलदीप सेन ने 1-1 विकेट लिया। मुकाबले में हार्दिक पंड्या ने कमाल का खेल दिखाया और प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पहले उन्होंने बल्ले से नाबाद 87 रन की पारी खेली, उसके बाद 1 विकेट भी चटकाया। हार्दिक ने अपनी शानदार फील्डिंग से RR के कप्तान संजू सैमसन को रन आउट भी किया।

**शमी का शिकार हुए हेटमायर**

5 विकेट गिर जाने के बाद आरआर की पूरी उम्मीद शिमरोन हेटमायर पर टिकी हुई थी। उन्होंने कुछ अच्छे हाथ दिखाए और 17 गेंदों पर 29 रन जोड़े। हेटमायर की पारी पर ब्रेक पर मोहम्मद शमी ने लगाया। उनका कैच लॉन्ग ऑन पर राहुल तेवतिया ने पकड़ा। आउट होने से पहले हेटमायर शमी के इसी ओवर की पहली चार गेंदों पर 14 रन बना चुके थे।

**डेब्यू पर चमके दयाल**

आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे यश दयाल ने बढ़िया गेंदबाजी की। युवा तेज गेंदबाज ने 4 ओवर में 3 विकेट चटकाए। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल (0), रैसी वान डेर डूसेन (6) और युजवेंद्र चहल (6) को आउट किया। मेगा ऑक्शन में गुजरात ने यश को 3.20 करोड़ रुपए में




खरीदा था।

**रॉयल्स का कप्तान फ्लॉप**

संजू सैमसन 11 गेंदों में 11 रन बनाकर रन आउट हुए। राजस्थान के कप्तान को गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने डायरेक्ट थ्रो पर रन आउट कर मैदान से बाहर भेजा। सैमसन 8वीं बार IPL में रन आउट हुए। आउट होने से पहले अपनी पारी का दूसरा रन बनाते ही संजू RR के लिए IPL में 2500 रन बनाने वाले अजिंक्य रहाणे (2810) के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए।

**बटलर की तूफानी पारी**

शानदार फॉर्म में चल रहे जोस बटलर ने 23 गेंदों में अपने IPL करियर का 13वां अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। उनको फर्ग्यूसन ने बोल्ड कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। बटलर ने 225 के स्ट्राइक रेट से 54 रन बनाए।

**पडिक्कल शून्य पर आउट**

देवदत्त पडिक्कल से इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन वह पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले अपना विकेट गंवा बैठे। पडिक्कल का विकेट IPL डेब्यू कर रहे यश दयाल के खाते में आया। दरअसल, देवदत्त बैकफुट पर जाकर गेंद को कट करने चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले के बाहरी किनारे पर लगी और पहली स्लिप में गिल ने शानदार कैच पकड़ लिया। देवदत्त पडिक्कल तीसरी बार IPL में जीरो पर आउट हुए।

**पहले ही गेंद पर बचे बटलर, फिर लगाए हैट्रिक चौके**

टारगेट का पीछे करने उतरी राजस्थान के खिलाफ पहली ही गेंद पर जोस बटलर के खिलाफ कीपर कैच की अपील हुई, लेकिन अंपायर ने Not Out दिया। गुजरात ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले में नजर आया कि गेंद बल्ले से लगे बिना वेड के दस्तानों में गई थी और बटलर बच गए। इसके बाद जोस ने मोहम्मद शमी को लगातार 3 चौके लगाए।

**मिलर ने खेली तूफानी पारी**

पहले 4 मैचों में बल्ले से कुछ खास कमाल न दिखाने वाले डेविड मिलर ने इस मैच में आतिशी पारी खेली। मिलर ने केवल 14 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। पारी के 19वें ओवर में मिलर ने कुलदीप सेन के खिलाफ 20 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने एक बार फिर से कप्तानी पारी खेलते हुए 33 गेंदों पर अपने IPL करियर का छठा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 52 गेंदों पर 87 रन की नाबाद पारी खेली। हार्दिक की फॉर्म इंडियन क्रिकेट टीम के लिए बहुत अच्छी खबर है।

# उर्फी जावेद ने शेयर किया नया वीडियो

चाहे दुनिया में कुछ भी हो जाए बिग बॉस ओटीटी स्टार उर्फी जावेद फैन्स का ध्यान खींचने में कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहेंगी। अपने अजीबोगरीब स्टाइल से हमेशा चर्चा बटोरने वाली उर्फी जावेद ने आज भी कुछ ऐसा ही किया है। इस वक्त हर तरफ सिर्फ और सिर्फ आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी की ही चर्चे हो रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद ने लोगों का अटेंशन पाने के लिए अपने बोल्ड अवतार की झलक दिखा दी है। इसी के साथ एक बार फिर से लोगों ने उनकी टांग खिंचाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर कुछ ही घंटे पहले उर्फी जावेद ने अपना नया वीडियो शेयर किया है। वीडियो के आने भर की ही देरी थी कि लोगों ने उनकी ट्रोलिंग में जरा भी समय नहीं जाया किया।

उर्फी ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है कि उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट ना करें। कई बार तो वह दिन भर ही 4 से 5 पोस्ट शेयर कर ही देती हैं। कई लोग उर्फी जावेद की तारीफ करते हैं, लेकिन इन लोगों की तादाद हमेशा कम ही होती है। बिग बॉस ओटीटी स्टार को ट्रोल करने वाले घात लगाए बैठे रहते हैं कि कब वह कोई पोस्ट शेयर करें और उन्हें कॉमेंट करने का मौका मिल जाए। आज के वीडियो पर भी लोग उन्हें खूब सुना रहे हैं। एक शख्स ने लिखा है, 'आपसे गुजारिश करता हूं कि कभी तो पूरे कपड़े पहन लिया करो। उर्फी जावेद के लेटेस्ट वीडियो पर लोग उन्हें भर-भरकर ज्ञान भी दे रहे हैं। एक यूजर ने तो लंबा-चौड़ा कॉमेंट करके उर्फी पर अपना गुस्सा निकाला है। इस शख्स ने लिखा है, 'टैलेंट की भरपूर कमी लोगों के कपड़े उतरवा देती है। तुम कभी नहीं सुधरोगी।

कुछ दिन पहले ही एक इंटरव्यू के दौरान उर्फी जावेद ने अपना दर्द बयान किया था।





# सोनिया राठी के प्यार में पागल थे सिद्धार्थ

सिद्धार्थ शुक्ला अब नहीं रहे, लेकिन उनकी क्यूट स्माइल अब भी फैंस के दिलों में बसती है। सिड बिग बॉस में नजर आए थे, जहां पंजाब की कैटरीना कैफ शहनाज गिल को उनसे प्यार हो गया। सिड को भी शहनाज अच्छी लगने लगी और बाहर आकर भी दोनों दोस्त बने रहे। हालांकि सिड किसी के प्यार में ऐसे पड़े उन्होंने अपने बाल बढ़ा लिए। आंखों के नीचे डार्क सर्कल हो गया। और ब्रेक अप के बाद दिन रात उसके घर के चक्कर लगाए। वो कोई और नहीं एक्ट्रेस सोनिया राठी हैं। जीहां सिद्धार्थ शुक्ला के साथ वेब सीरीज Broken But Beauti-ful 3 में वह उनकी गर्लफ्रेंड के रोल में थी, जिसे उन्होंने पागलों की तरह प्यार किया। इस शो में सिड के रोल को देख कहेंगे, प्यार करने वाला हो तो ऐसा। सोनिया राठी के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई थी। एकता कपूर के इस सीरीज में शो में सोनिया 'रूमी' के रोल में थी और सिद्धार्थ शुक्ला 'अगस्त्य' के रोल में थे। सोनिया राठी हरियाणा के हिसार की रहने वाली हैं। सोनिया ने डांसिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी और सोनिया बतौर प्रोडक्शन डिजाइन भी काम कर चुकी हैं। एक्टिंग में डेब्यू उन्होंने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ Broken But Beautiful 3 से की। सोनिया राठी अंकुर राठी की बहन हैं। अंकुर 'फोर मोर शॉट्स', 'MOM: मिशन ओवर मार्स' जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुके हैं। सोनिया एक्टिंग में अपना करियर बनाने से पहले अमेरिका में रहती थीं। जहां उन्होंने डांस सीखा।


बता दें की दोनों की शादी को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। वहीं उम्मीद जताई जा रही है की कपल जल्द ही अपने हनीमून के लिए भी रवाना हो जाएंगे। फिल्हाल तो दोनों की शादी से कपूर परिवार काफी खुश है और नीतू कपूर भी अपनी बहू आलिया की तारीफ करते थक नहीं रही हैं।

# दीपिका पादुकोण ने दी रणबीर-आलिया को शादी की बधाई



रणबीर आलिया की शादी हो गई है और न्यूलीवेड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। पहले तो फैंस आलिया और रणबीर की एक झलक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन जैसे ही दोनों सामने आए दोनों की फोटो और वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हुई। आलिया भट्ट ने भी शादी के तुरंत बाद तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी थीं। जिसपर फैंस के साथ ही सेलेब्स भी कमेंट करते थक नहीं रहे हैं। कपल की तस्वीरें वायरल होते ही सेलेब्स और फैंस की बधाइयों का तांता लग गया है। वहीं अब दीपिका पादुकोण का एक कमेंट आया है- दीपिका लिखती हैं- जिंदगी भर तुम दोनों के बीच प्यार, प्रकाश और खुशी बनी रहे। दीपिका के साथ ही अनिल कपूर भी बधाई देते हैं। वे कहते हैं- शादी की शुभकामनाएं। नए क्लब में स्वागत है।

खुद बोलती तस्वीर



विमल वर्मा

जालंधर के आर्टिस्ट विमल वर्मा का अपने पसंदीदा स्टार ही-मैन यानि धर्मेंद्र का ऑयल-पेंट से बनाया गया लाजवाब पोर्ट्रेट...

# जेएनयू में लगे भगवा झंडे, पुलिस ने हटवाए

## रामनवमी पर वामपंथियों से हुआ था एबीवीपी का विवाद

नई दिल्ली / यूटर्न: शुक्रवार सुबह दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय कैंपस के बाहर भगवा झंडे और भगवा जेएनयू के पोस्टर लगे मिले। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में झंडे उतरवा दिए। पुलिस का कहना है कि झंडे लगाने वालों की तलाश की जा रही है। ये झंडे और पोस्टर जेएनयू के बाहर वाले रोड और मुख्य गेट के पास हिंदू सेना ने लगाए थे। भगवा जेएनयू वाले पोस्टर पर संगठन का नाम भी लिखा है। रविवार को रामनवमी के दिन वामपंथी छात्र संगठन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों के बीच हिंसा हुई थी। इसमें कई छात्र घायल हुए थे। माना जा रहा है कि इसी हिंसा के जवाब में जेएनयू के बाहर पोस्टर और झंडे लगाए गए हैं। हिंदू सेना के उपाध्यक्ष सुरजीत यादव ने कहा है कि जेएनयू में विरोधियों द्वारा लगातार भगवा का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ये लोग सुधर जाएं, भगवा का अपना करने की कोशिश मत करें। हम सबका सम्मान करते हैं, प्रत्येक धर्म




और विचार का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस तरह से भगवा रंग का अपमान किया जा रहा है, उसे हिंदू सेना बर्दाश्त नहीं करेगी।
दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीएसपी ने कहा कि आज सुबह पता चला है कि जेएनयू के पास सड़क और आसपास के इलाकों में कुछ झंडे और बैनर लगाए गए हैं। हाल की घटनाओं को देखते हुए इन्हें तुरंत हटा दिया गया। उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रविवार को रामनवमी पर जेएनयू के कावेरी हॉस्टल में नॉनवेज खाना परोसे जाने पर हिंसा हुई थी। लेफ्ट विंग के छात्रों ने आरोप लगाया था कि एबीवीपी के सदस्यों ने मेस स्टाफ को नॉनवेज परोसने से रोका और छात्रों पर हमला किया था। एबीवीपी के सदस्यों ने आरोप लगाया था कि लेफ्ट विंग के छात्रों ने रामनवमी की पूजा रोकने की कोशिश की थी। जेएनयूएसयू, एसएफआई और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन की ओर से एबीवीपी से जुड़े छात्रों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है। घटना को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहा था- अगर स्कूलों और कॉलेजों में झड़प और गुंडागर्दी होगी तो राष्ट्र कभी आगे नहीं बढ़ेगा।

# कांग्रेस ने बिहार-ओडिशा के अध्यक्ष से इस्तीफा लिया

नई दिल्ली / यूटर्न: गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने पार्टी हाईकमान पर फैसला नहीं ले पाने का आरोप लगाया है। हार्दिक ने कहा- मैंने राहुल गांधी के सामने कई बार मुद्दे उठाए हैं, लेकिन समाधान नहीं हो सका। कांग्रेस हाईकमान मुझे ऐसा पद दिया है, जैसे किसी शादी कर देने के बाद उसकी नसबंदी कर दी हो। हार्दिक के इस बयान के बाद उनके पार्टी छोड़ने की भी अटकलें लग रही हैं। पत्रकारों से बातचीत में हार्दिक ने कहा कि मैं करीब 3 महीने से पाटीदार नेता नरेश पटेल को कांग्रेस में शामिल करने के लिए कह रहा हूं, लेकिन हाईकमान उनकी बेइज्जती करने में लगा है। आने वाले 6 महीने में चुनाव होने हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। मैंने राहुल गांधी से कहा, लेकिन कोई सुनवाई





नहीं हुई। 5 राज्यों में हार के बाद जहां कांग्रेस पार्टी स्टेट यूनिट में बदलाव कर रही है। कई राज्यों में भारी उथल-पुथल मची हुई है। बिहार कांग्रेस और ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। यहां नए अध्यक्ष का चुनाव होना है, जबकि हरियाणा में भी नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने हैं। यूपी, बंगाल और गोवा कांग्रेस में भी कलह जारी है। यूपी में करीब एक महीने बीत जाने के बाद भी नए अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका है। इसके अलावा, गोवा में कद्दावर नेता दिगंबर कामत पार्टी के हालिया फैसले से नाराज हैं।
बंगाल चुनाव में करारी हार के बाद से ही नए अध्यक्ष पर फैसला होने की बात कही जा रही है। बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता भी हैं। ऐसे में बंगाल में नया अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। 5 राज्यों में हार के बाद कांग्रेस के भीतर G-23 के नेताओं ने मोर्चा खोला था। पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के भीतर जिम्मेदारी तय करने की मांग की थी। वहीं पार्टी में राहुल गांधी की दखलअंदाजी पर भी सवाल उठाया था।

# पाकिस्तान जिंदाबाद गाना बजाने पर दो भाइयों पर केस

## पुलिस ने पूछताछ करके नाबालिगों को छोड़ा

बरेली / यूटर्न: बरेली में पाकिस्तान के समर्थन करने वाला गाना सुनने पर दो चचेरे नाबालिग भाइयों को पुलिस ने शुक्रवार को पकड़ लिया है। इन दोनों भाई की दुकान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद गाना बज रहा था। मामला भुता थाना क्षेत्र के सिंघई गांव का है।



दोनों किशोर चचेरे भाई हैं। इनकी उम्र 16 और 17 साल है। पूछताछ में इन दोनों ने पुलिस को बताया कि वह दुकान में पाकिस्तानी गाना बजा रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बनाकर डाल दिया। इसमें उनकी कोई गलत मंशा नहीं थी। फिलहाल, शुरुआती पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों नाबालिग को छोड़ दिया है। एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया था। रात में दबिश दी, लेकिन दोनों लड़के नहीं मिले थे। इसके बाद तड़के उन्हें पकड़ लिया गया। शुरुआती पूछताछ के बाद उनको छोड़ दिया गया है।
स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि पहले भी इनकी दुकान में पाकिस्तान गाने बजते थे। लोगों ने इसका लेकर नाराजगी जाहिर की थी। हालांकि, उसके बाद भी पाकिस्तानी गाने बजते थे। इसके बाद लोगों ने हिंदूवादी संगठनों के नेताओं को इसकी सूचना दी। 13 अप्रैल को हिंदूवादी संगठन के आशीष वहां पहुंचे।

# म्यांमार में तख्तापलट के विरोध पर सेना का कहर



म्यांमार। लोकतंत्र समर्थक भिक्षुओं के गांव 'बिन' को म्यांमार सेना ने पिछले साल 2021 में आग के हवाले कर दिया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस गांव के लोग सैन्य जुंटा के विरोधी और लोकतंत्र के समर्थक हैं। सेना ने इसका बदला लेने के लिए बिन सहित करीब 100 गांवों और कस्बों को आग में झोंक दिया। विरोध का दमन करने के लिए सैन्य जुंटा के 100 जवानों ने 5500 से अधिक आबादी वाले बिन गांव में आग लगी दी। इससे शहर का बड़ा इलाका जलकर खाक हो गया।

# जापान सागर में रूस का मिसाइल परीक्षण


लंदन। यूरोप में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा। स्वीडन और फिनलैंड की नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) में शामिल होने की इच्छा को देखते हुए रूस ने उन्हें चेतावनी दी है। कहा है कि अपने लिए खतरा बढ़ने की स्थिति में वह परमाणु हथियारों और हाइपरसोनिक मिसाइलों को तैनात करेगा। जाहिर है उनके इस्तेमाल के आसार भी बढ़ जाएंगे। इसलिए दोनों देश नाटो से दूर रहें। लेकिन पड़ोस के छोटे और नाटो के सदस्य देश लिथुआनिया ने कहा है कि रूस की इस धमकी में नया



कुछ नहीं है, स्वीडन और फिनलैंड आगे बढ़ें।
इस बीच अमेरिकी खुफिया संगठन सीआइए के प्रमुख विलियम बर्न्स ने कहा है कि रूस की परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। फिनलैंड की करीब 1,300 किलोमीटर लंबी सीमा रूस से लगती है जबकि स्वीडन थोड़ा दूर है। फिनलैंड से रूस के पूर्व में भी शत्रुतापूर्ण संबंध रहे हैं। वहां की प्रधानमंत्री सना मैरीन ने कहा है कि उनका देश आगामी कुछ हफ्तों में नाटो में शामिल होने पर फैसला करेगा। रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा है कि अगर फिनलैंड और स्वीडन नाटो में शामिल होते हैं तो रूस बाल्टिक सागर क्षेत्र में जमीनी, समुद्री और हवाई ताकत बढ़ाएगा। मेदवेदेव ने क्षेत्र में सैन्य टकराव होने की स्थिति में परमाणु हमले की आशंका से इन्कार नहीं किया है।

# मारियुपोल पर कब्जा करने के करीब रूस

कीव/मॉस्को। यूक्रेन जंग को 51 दिन बीत चुके हैं। इस बीच बुधवार को रूसी सेना यूक्रेन के मारियुपोल शहर पर कब्जा करने के करीब दिखाई दे रही है। अगर ऐसा होता है तो क्रीमिया से जाने वाले सड़क मार्ग पर रूस का कब्जा होगा। वहीं रूस डोनबास में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा है, जिसके बाद यहां बड़ा हमला होने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी तरफ, यूक्रेन के सभी इलाकों में एक साथ हवाई हमले का अलर्ट घोषित किया गया है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, राजधानी कीव में ब्लास्ट की जानकारी मिली है। यहां एक के बाद एक 3 विस्फोट हुए हैं। वहीं रूस ने धमकी दी है कि अगर युद्ध लंबा खिंचा तो, हम परमाणु हमला कर सकते हैं।



Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma